## ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 27 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, ~~जून~~ 01/07/2025

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निमाण खण्ड, लो0नि0वि0, थराली (चमोली)।

विषयः– जनपद चमोली में सिमली से नाखोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.632 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण जनपद चमोली में सिमली से नाखोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.632 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि इस कार्यालय की पत्र सं0897/12–1 दिनांक 30.08.2024 से वन संरक्षण्क, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी को प्रेषित किया गया। वन संरक्षक गढवाल वृत्त पौडी की पत्र सं0– 576/12–1 दिनांक 24.09.2024 से प्रस्ताव की तीन प्रतियां प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून को प्रषित की गयी, जिस पर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, द्वारा अपने पत्र सं0–1950/12–1 दिनांक 31.01.2025 जो आपको भी पृष्ठांकित है, से प्रकरण में कतिपय बिन्दुओं पर पर सूचना चाही गयी, एवं प्रस्ताव की तीन हार्ड प्रति नोडल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर उपरोक्त चाही गयी सूचना प्रस्ताव में संलग्न कर इस कार्यालय को प्रेषित करने हेतु लिखा गया था, परन्तु आपके द्वारा पुराने प्रस्ताव की तीन प्रतियां इस कार्यालय को प्रेषित की गयी हैं जो नोडल अधिकारी को प्रषित प्रस्तावों के अनुरूप नहीं है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त प्रस्ताव की तीन हार्ड प्रतियां नोडल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर चाही गयी सूचनाओं का निराकरण करते हुए प्रस्ताव में संलग्न कर इस कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।